# बिहार विधान परिषद

206वां बजट सत्र

लिखित उत्तर के लिए अल्पसूचित प्रश्न

## 22 फरवरी 2024

----

: [जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - वाणिज्य कर - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह ].

अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या- 8

----

**Subईट सोलिंग तथा काली करण**

**28. मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही हैं कि शिवहर जिले के देकुली बांध से पीपराही बांध तक बांध पर के ईट सोलिंग एवं मिट्टी जहां-तहां उखर जाने के कारण छोटे वाहनों को आने –जाने में काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपरोक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त बांध पर ईट सोलिंग के कालीकरण कराने की विचार रखती है यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## चहार दीवारी का निर्माण

29. **डा. अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि सहरसा जिल स्थित पुलिस मुख्यालय परिसर में स्थित पुलिस बैरेक भवन की स्थिति दयनीय है, पुलिस के जवान कठिन परिस्थितियों में रहते है;

(ख) क्या यह सही है कि सहरसा जिल स्तर से महिला एवं पुरुस बैरेक के निर्मान हेतु एक प्रपोजल सरकार को भेजा गया है;

(ग) क्या यह सही है कि बैरेक निर्मान हेतु भेजे गए प्रपोजल में महिला बैरेक के निर्मान की स्वीकृति मिली और पुरुष बैरेक के निर्माण का मामला लम्वित है;

(घ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार सहरसा पुलिस मुख्यालय में पुरुष बैरेक एवं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस लाईन की चहारदीवारी के निर्माण का विचार रखती है, यदि हॉ तो कब तक नही तो क्यों?

----

## ठहराव की व्यवस्था

30. **श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि पटना नगर के विभिन्न रुटों में जगह-जगह विभाग द्वारा करोड़ों रुपया खर्च कर यात्री बस / टेम्पू स्टॉप वर्षो पहले निर्मित किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त बस/टेम्पू स्टॉप का अभी तक सही उपयोग नही हो रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि अभी भी पैसेंजर उठाने के लिए बस/टेम्पू जहां तहां तथा जैसे – तैसे सड़कों पर रोक दिया जाता है जिससे सड़क दुर्घटना का खतरा रहता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार पटना नगर के अंदर रिंग बस /टेम्पू सर्विस के ठहराव को व्यवस्थित कराने का विचार रखती है, हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## बंद नलकूप चालू कब तक

31. **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या **लघु जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री,लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिला अंतर्गत प्रखण्ड तरैया की विभिन्न पंचायतों में कुल 30 रायकीय नलकूपों में से मात्र 10 राजकीय नलकूप चालू हैं;

(ख) क्या यह सही है कि नलकूप चालू नही होने से किसान लाभांवित नही पा रहे हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार शेष बंद पड़े राजकीय नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## बैंक की शाखाएँ बढ़ाने का विचार कबतक

32. **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **वित्त विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
(क) क्या यह सही है कि बिहार में बैंक की शाखाएँ राष्ट्रीय औसत से कम हैं, , बिहार में प्रति लाख आबादी पर आठ बैंक की शाखाएँ है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह आकड़ा 15 शाखाओं की है;

(ख) क्या यह सही कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में महज 3782 ही बैंको की शाखाएँ खुली है, जबकि राज्य में पंचायतों की संख्या 8059 है, आधे से अधिक पंचायतों में अभी बैंक की शाखाएँ नही है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार राष्ट्रीय औसत के अनुसार प्रति लाख की आबादी पर बिहार में बैंक की शाखाएँ बढ़ाने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## अलग द्वार का निर्माण

33. **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि जिला- जहानाबाद, प्रखण्ड-काको, पंचायत –डेढ़सैया, ग्राम दक्षिणी में डॉ भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय के चाहरदीवारी के अंदर पूर्व से प्राचीन राम मंदिर स्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्तमान में विद्यालय के बाहर चाहरदीवारी करने के कारण लोगों को पूजा –पाठ करने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है एवं सुरक्षा करणों से अनुमती के बिना वहां किसी का प्रवेश नही है;

(ग) क्या यह सही है कि वहां के ग्रामीणों का बार-बार विद्यालय परिसर में प्रवेश के कारण छात्राओं को भी असहज महसूस होता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार राम जानकी ठाकुरवाड़ी की जमीन की चाहरदीवारी कर अलग द्वार का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक,नही तो क्यों ?

----

## हथियार का लाइसेंस

34. **श्री राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में पंचायत प्रतिनिधियों को पूर्व में आत्मरक्षा हेतु हथियार का लाइसेंस दिए जाने का प्रावधान था जिसके संबंध में माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपनी सेवा यात्रा के दौरान यथावत जारी रखने का आश्वासन दिया था, परंतु उस पर जिला प्रशासन द्वारा रोक लगा दी गई है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार पंचायत प्रतिनिधियों को पूर्व की भांति हथियार का लाइसेंस दिए जाने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## जाँच कब-तक

35. **श्री तरुण कुमार (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार):**

क्या **समाज कल्याण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि विभाग द्वारा दी जा रही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से सम्बद्ध लाभार्थियों को उनके लाभ से सम्बंधित जानकारी आसानी से प्राप्त हो सके के लिए ''इ लाभार्थी '' नाम का एंड्राइड एप्प Google play store पर जारी किया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि ई लाभार्थी एप अभी सुचारू रूप से काम नही कर रहा है, और लाभार्थियों को उनके लाभ से सम्बंधित जानकारी सही से नहीं मिल पा रही है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार यह बतलाएगी कि विभाग द्वारा इस एप के वर्तमान समय में उपयोगी एंड्राइड ऑपरेटिंग सिस्टम के किन –किन संस्करण के साथ सफल जाँच किया गया है, और यह कब किया गया है?

----